उत्तर प्रदेश के बरेली मंडल में बनेंगे 5 ग्रामीण लर्नगि सेंटर

चर्चा में क्यों?

5 मार्च, 2023 को उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग के डीडी महेंद्र सहि ने बताया कि प्रदेश के बरेली मंडल में पाँच लर्नगि सेंटर बनाए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणों को गांव के स्तर पर ट्रेनगि दी जाएंगी।

प्रमुख बिंदु

- पंचायती राज विभाग के डीडी महेंद्र सहि ने बताया कि ग्रामीणों को आर्थिक स्तर पर मजबूत करने के लिये बरेली मंडल के चारों ज़िलों के पाँच मॉडल पंचायत घरों को लर्नगि सेंटर बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बरेली, पीलीभीत और बदायूं में एक-एक और शाहजहाँपुर की दो ग्राम पंचायतों में लर्नगि सेंटर बनाए जाएंगे। लर्नगि सेंटर पर ग्रामीणों को खेती-किसानी से लेकर उद्यमी बनने तक की बारीकियाँ सिखाई जाएंगी।
- शासन ने पंचायती राज विभाग को लर्नगि सेंटर बनाने के लिये 25 लाख का बजट जारी कर दिया है। एक सेंटर को विकसित करने में पाँच लाख की रकम खर्च होगी। प्रोजेक्टर समेत ट्रेनगि के लिये तमाम ज़रूरी उपकरण मुहैया कराए जाएंगे।
- महेंद्र सहि ने बताया कि सरकार गाँव स्तर पर विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने के प्लान पर अमल करा रही है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी तय की जा रही है। गांव के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उनका फायदा लेने का तरीका समझाया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि ऐसी ग्राम पंचायतों को लर्नगि सेंटर के लिये चुना गया, जहाँ पंचायत भवन और सामुदायिक केंद्र की बिल्डिंग अच्छी थी। पंचायत घर में कंप्यूटर, इंटरनेट, बिजली और बाउंड्रीवाल बनी थी। स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक और जूनियर विद्यालय, आंगनबाड़ी सेंटर मौजूद थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-rural-learning-centers-will-be-built-in-bareilly-division-of-uttar-pradesh